Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 03-03-2006
Participants : Atwal Shri Charnjit Singh,Kumar Shri Shailendra

>

Title : Alleged deployment of sniffer dogs near the samadhi of Mahatama Gandhi at Rajghat, Delhi.

श्री शैलेन्द्र कुमार उपाध्यक्ष जी, जैसा कि पूरा सदन जानता है कि पार्लियामेंट से लेकर देश के कोने-कोने में अमरीकी राट्रपति जार्ज बुश का विरोध हुआ है। आज के समाचार पत्रों में प्रमुखता से छपा हुआ है कि हमारे राट्रपिता महात्मा गांधी जी की समाधि जो राजघाट पर है जो आस्था से जुड़ी हुई है,...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : जो भी माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं, आप पहले नोटिस भेजें।

श्री शैलेन्द्र कुमार : सर, हमने देखा है कि अमरीका से लेकर तमाम देशों के राट्राध्यक्ष आए हैं और बड़ी श्रद्धा और नमन के साथ उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हए श्रद्धांजलि दी है। लेकिन कल राजघाट पर सिक्योरिटी के कुत्तों ने दो-दो बार, जहां पर परिक्रमा करते हैं या तमाम आस्था से जुड़े हुए लोग जाते हैं, वहां दो-दो बार कुत्तों को घुमाया गया। इससे देश की परम्परा पर कुठाराघात हुआ है। मैं मांग करता हूं कि राट्रपति जॉर्ज बुश या उनके सिक्योरिटी के ऑफिसर्स राट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हए देशवासियों से क्षमा याचना करें। यह मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Do not show the paper.

... (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Do not come here. I will not allow you to come.

... (*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : श्री राम कृपाल यादव, श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव, श्री राजीव रंजन सिंह, श्री संदीप दीक्षित और श्री संतोा गंगवार जी के नाम भी इस मुद्दे के साथ एशोसिएट कर दिये जाएं।